# मीरा सभागार की अग्रभागीय दीवार पर भित्ति-चित्रण

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित मीरा सभागार की अग्रभागीय दीवार पर चित्रकला विभाग द्वारा भारतीय भक्ति परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित भव्य भित्ति-चित्रों का निर्माण किया गया। इस भित्ति-चित्र में एक ओर भगवान श्रीकृष्ण अपने ग्वाल-बालों के साथ आनंदमय रास एवं नृत्य में मग्न दिखाई देते हैं, जो प्रेम, उल्लास और लोकजीवन की सहजता का प्रतीक हैं। वहीं दूसरी ओर संत मीराबाई अन्य भक्तों के साथ कृष्ण-भक्ति, साधना एवं संकीर्तन में लीन दिखाई गई हैं, जो समर्पण, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त संदेश देती हैं। इन दोनों दृश्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति में भक्ति, प्रेम, लोकपरंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया गया है। यह भित्ति-चित्रण चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






vivo V25 Pro
Dec 13, 2025, 14:36

